
# पंजाब के बाद चेन्नई सुपर किंग्स भी पहुंचे धर्मशाला

## एयरपोर्ट पर खिलाड़ियों को देखने के लिए उमड़े फैन्स, दोनों टीमों के बीच कल होगा मुकाबला

वरिष्ठ संवाददाता ▌धर्मशाला

**इंटरनैशनल** क्रिकेट स्टेडियम में 5 मई को खेले जाने वाले आईपीएल मैच के लिए चेन्नई सुपर किंग्स की टीम भी शुक्रवार को धर्मशाला पहुंच गई। इससे पहले वीरवार को पंजाब किंग्स धर्मशाला पहुंचे थे। कांगड़ा एयरपोर्ट पर पहुंचे चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाड़ियों को देखने के लिए क्रिकेट फैन्स भी पहुंचे थे। सबसे ज्यादा उत्साह युवाओं में धोनी को देखने का था।

विमान से कांगड़ा एयरपोर्ट पहुंची चेन्नई सुपर किंग्स टीम के खिलाड़ियों में सबसे पहले रविंद्र जडेजा, धोनी व अन्य एयरपोर्ट से बाहर आए और विशेष वाहन में सवार हो गए, जबकि टीम की कमान संभाल रहे ऋतुराज गायकवाड़ व अन्य खिलाड़ी कुछ क्षणों बाद स्टेडियम से बाहर आए। सभी खिलाड़ी और मैच ऑफिशियल एक साथ विशेष वाहनों से धर्मशाला के लिए रवाना हुए। कई खिलाड़ी परिवार सहित मैच के लिए धर्मशाला आए हैं। वीरवार को पंजाब टीम के आगमन के मुकाबले शुक्रवार को चेन्नई के खिलाड़ियों को देखने ज्यादा क्रिकेट फैन्स पहुंचे थे।




**आज से दोनों टीमें करेंगी अभ्यास**

4 मई को पंजाब किंग्स दोपहर 2 से 5 बजे तक, चेन्नई 6 से 9 बजे तक अभ्यास करेगी। 5 मई को दोनों टीमें धर्मशाला स्टेडियम में दोपहर साढ़े 3 बजे से आमने-सामने होंगी। 7 मई को आरसीबी शाम को 5 बजे से 8 बजे तक, पंजाब 6 से 9 बजे तक तथा 8 मई को आरसीबी 5 से 8 बजे तक, जबकि पंजाब की टीम 6 से 9 बजे रात को अभ्यास करेगी। 9 मई को शाम सात बजे से पंजाब व आरसीबी की टीमें धर्मशाला स्टेडियम में आमने-सामने होंगी।

**एयरपोर्ट से बाहर आते चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाड़ी**









# एयरपोर्ट पर दिखी एमएस धोनी की दीवानगी

## बस में धोनी; बाहर उमड़े प्रशंसक, सेल्फी लेने के लिए बच्चों व बुजुर्गों में दिखा क्रेज

राजेश कुमार ▌धर्मशाला

**कांगड़ा** एयरपोर्ट पर शुक्रवार को क्रिकेट फैन्स में धोनी की दीवानगी नजर आई। आलम यह था कि धोनी विशेष वाहन में बैठे हुए थे, जबकि उनके प्रशंसक बाहर से ही उनके साथ सेल्फी लेने को लालायित थे। बच्चों से लेकर बुजुर्गों में धोनी के साथ सेल्फी लेने का क्रेज था। हालांकि धोनी वाले वाहन में ही रविंद्र जडेजा भी सवार थे, सबसे पहले जडेजा एयरपोर्ट से बाहर आए और सामने पार्क वाहन में ड्राइवर वाली सीट के पीछे जाकर बैठ गए।

हालांकि पहले सभी का ध्यान जडेजा की तरफ था, लेकिन जैसे ही धोनी एयरपोर्ट से बाहर वाहन की पिछली सीट में सवार हुए तो सभी क्रिकेट फैन्स जडेजा से हटकर धोनी की ओर हो लिए। धोनी की एक झलक पाने और वाहन के भीतर बैठे धोनी के साथ बाहर से ही सेल्फी लेने में प्रवासी श्रमिक भी पीछे नहीं थे। जब खिलाड़ी एयरपोर्ट से बाहर निकले तो काफी क्रिकेट फैन्स वहां पहुंच चुके थे। जब वहां मौजूद श्रमिकों को पता चला कि धोनी खिड़की वाली सीट पर बैठे हैं और वाहन में बैठे धोनी को बाहर से देखा जा सकता है तो एकाएक एक दर्जन के करीब प्रवासी श्रमिक भी वहां पहुंच गए और अपने मोबाइल में धोनी की फोटो को कैद किया। इन प्रवासियों श्रमिकों का कहना था कि टीवी पर धोनी को कई बार देख चुके हैं, लेकिन आज इतनी नजदीक से देखकर वह खासे उत्साहित हैं। कुछ प्रवासी श्रमिकों ने तो धोनी वाली खिड़की के पास खड़े होकर सेल्फी भी ली।





**जहां होता है सीएसके का मुकाबला वहां नजर आती है धोनी की दीवानगी**

**गौरतलब** है कि जिस भी स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स का मुकाबला खेला गया है, वहां पर क्रिकेट फैन्स में धोनी की दीवानगी नजर आई है। कई स्टेडियम में चेन्नई के मुकाबले के दौरान अधिकतर दर्शक, चेन्नई सुपर किंग्स जैसी पीली टी शर्ट्स में नजर आते हैं। चेन्नई टीम के एयरपोर्ट पहुंचते ही दर्शकों के उत्साह दर्शा दिया है कि धर्मशाला में भी पंजाब व चेन्नई के मैच में धोनी की दीवानगी दर्शकों के सिर चढ़कर बोलेगी।

# 12वीं के परिणाम में छाये बिनवा पब्लिक स्कूल बैजनाथ के छात्र



हिमाचल दस्तक ▌बैजनाथ

**बिनवा** पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल बैजनाथ का जमा दो का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा।

स्कूल की प्रधानाचार्य रेनू शर्मा ने बताया कि 12वीं कक्षा के विज्ञान संकाय में स्मृति ने 95 फीसदी, कोमल ने 94.40 फीसदी, आयुष ने 92 फीसदी अंक लेकर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया। कॉमर्स संकाय में मधुसूदन में 91 फीसदी और हिमांशी ने 90 फीसदी अंक हासिल किए। संचिता ने बायोलॉजी में 98 प्रतिशत अंक, स्मृति ने केमिस्ट्री में 100 फीसदी अंक तथा तान्या ने कंप्यूटर व कोमल ने फिजिकल एजुकेशन विषय में 100 अंक लेकर स्कूल का नाम रोशन किया है। वहीं प्रधानाचार्य रेनू शर्मा व प्रबंधक सात्विक शर्मा ने विद्यार्थियों व अभिभावकों को बधाई दी।

### केवी एनएचपीसी चमेरा ने धूमधाम से मनाया वार्षिक खेल दिवस

**चंबा।** केंद्रीय विद्यालय एनएचपीसी चमेरा 2 ने अपने प्राचार्य हरजीत राज के मार्गदर्शन में विद्यालय में वार्षिक खेल दिवस मनाया। इसमें विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्राथमिक कक्षा के नौनिहालों ने स्पून व लैमन रेस, सैक रेस एवं थ्री लैग रेस में भाग लिया। माध्यमिक एवं वरिष्ठ माध्यमिक कक्षा के बच्चों ने 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर एवं 800 मीटर रेस में भाग लिया।

# हिमाचल ने जीता गोल्ड कप फुटबाल टूर्नामेंट

## शहीद दुर्गामल्ल-दल बहादुर को दी श्रद्धांजलि



वरिष्ठ संवाददाता ▌धर्मशाला

**खेल** नगरी धर्मशाला स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस पुलिस मैदान में चल रहे ऑल इंडिया शहीद दुर्गामल्ल-दल बहादुर मेमोरियल गोल्ड कप फुटबाल टूर्नामेंट का समापन शुक्रवार को हुआ। गोल्ड कप का फाइनल हिमाचल प्रदेश फुटबाल एसोसिएशन ने खालसा वॉरियर खुराली से रोमांचक मुकाबले में 3-1 से जीत लिया।

मुख्यअतिथि के रूप में धौलाधार हिल्स रिजॉर्ट के चेयरमैन अशोक कश्यप ने शिकरत की, उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को ट्राफी देकर सम्मानित किया। जबकि विशेष अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री सुधीर शर्मा व एमसी कमिश्नर जफर इकबाल व निशा कश्यप मौजूद रहे। इससे पहले सुबह शहीद दुर्गामल्ल-दल बहादुर स्मारक दाड़ी में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही शहीदों के परिवारों को सम्मानित भी किया गया। मुख्यअतिथि अशोक कश्यप ने युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों में आगे बढ़ने व देश को भी आगे ले जाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शहीदों को युवाओं को इस तरह से खेल में आगे बढ़ाने को सच्ची श्रद्धांजलि बताया।

### आईटीआई दाड़ी में प्रशिक्षुओं को मतदान को लेकर किया जागरूक


**धर्मशाला।** विधानसभा क्षेत्र धर्मशाला के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप कार्यक्रम के अनुसार आगामी लोकसभा व विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान धर्मशाला स्थित दाड़ी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नीलम रानी ग्रुप अनुदेशक ने की। विधानसभा क्षेत्र 18-धर्मशाला सहायक निर्वाचक अधिकारी व एसडीएम धर्मशाला संजीव कुमार भोट के मार्गदर्शन में स्वीप टीम के नोडल अधिकारी डॉ. अमित कटोच, डॉ. जोगिंद्र सिंह, डॉ. मिथुन कुमार, डॉ. शबाब अहमद, डॉ. पूजा कटोच, डॉ. रेखा रावत तथा विलास हंस ने इस बार इस मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए प्रयास करने का आह्वान किया। इस दौरान सभी को अपने-अपने मत का प्रयोग करने की शपथ दिलाई।

# राष्ट्रपति का हिमाचल आना सौभाग्य की बात : शांता

हिमाचल दस्तक ▌पालमपुर

**पूर्व** मुख्यमंत्री शांता कुमार ने कहा कि बड़े सौभाग्य की बात है कि महामहिम राष्ट्रपति हिमाचल आ रही हैं। इससे भी अधिक एक और सौभाग्य की बात है कि वे 6 मई को केंद्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला में दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी।

शांता कुमार ने कहा कि यह समाचार पढ़ कर हिमाचल के लोगों के दिलों में एक कांटा चुभ रहा होगा कि जिस विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह हो रहा है उसके भवन का निर्माण कार्य 12 वर्षों से रुका हुआ है। इसलिए रुका है, क्योंकि हिमाचल सरकार उसके लिए अपने हिस्से का 30 करोड़ रुपये जमा नहीं करवा रही। पूरा धन केंद्र से स्वीकार हो गया है। यह पीड़ा और भी अधिक बढ़ जाती है जब यह सोचते हैं कि इसी विश्वविद्यालय के देहरा के भवन के लिए धन दिया जा चुका है उसका काम शुरू हो गया है। कांगड़ा जिला के साथ यह सौतेला व्यवहार हो रहा है। शांता ने सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू से विशेष आग्रह किया है कि राष्ट्रपति के आने से पहले वे भवन के लिए 30 करोड़ रुपये दे दें और दीक्षांत भाषण के तुरंत बाद भवन का काम शुरू करवा दें। यह महत्वपूर्ण काम करने के लिए यही सबसे अच्छा समय होगा।



▌**पूर्व सीएम बोले- 12 वर्षों से रुका है धर्मशाला में सीयू का निर्माणकार्य**

**आइनॉक्स विंड लिमिटेड**

**पंजीकृत कार्यालयः** प्लॉट नं. 1, खसरा नं. 264 से 267, इंडस्ट्रीयल एरिया, गाँव–बसल, जिला उना –174303, हिमाचल प्रदेश

सीआईएनः L31901HP2009PLC031083 | टेलीफोन/फैक्सः +91 (1975) 272001 | ई–मेलः investors.iwl@inoxwind.com | वेबसाइटः www.inoxwind.com

**31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही हेतु अंकेक्षित समेकित वित्तीय परिणामों का उद्धरण** (रुपये लाखों में)

| क्र. स. | विवरण | समाप्त तिमाही | | समाप्त वर्ष | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.03.2024 (अनअंकेक्षित) | 31.03.2023 (अनअंकेक्षित) | 31.03.2024 (अंकेक्षित) | 31.03.2023 (अंकेक्षित) |
| 1. | प्रचालनों से कुल आय | 56,307 | 19,383 | 1,79,932 | 75,435 |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के पूर्व) | 5,057 | (11,508) | (3,349) | (66,852) |
| 3. | कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के पश्चात्) | 3,688 | (11,508) | (4,718) | (66,852) |
| 4. | कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के पश्चात्) | 3,767 | (11,551) | (5,079) | (69,684) |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [कर पश्चात् अवधि हेतु लाभ/(हानि) तथा कर पश्चात् अन्य व्यापक आय शामिल] | 3,708 | (11,743) | (5,272) | (71,049) |
| 6. | संचित पुर्न मूल्यांकन संचित के अतिरिक्त | | | 1,37,141 | 1,38,711 |
| 7. | प्रदत्त समता अंश पूँजी (अंकित मूल्य रु 10 प्रत्येक) | 32,595 | 32,595 | 32,595 | 32,595 |
| 8. | प्रति अंश आय (अंकित मूल्य रु 10 प्रत्येक) (गैर वार्षिकृत) | | | | |
| | (क) मूलभूत (रु. में) | 1.16 | (3.54) | (1.56) | (21.38) |
| | (ख) तरल (रु. में) | (0.03) | (0.11) | (0.07) | (0.48) |

टिप्पणियाँः

1. उपरोक्त वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षित किए गए तथा इसके पश्चात् 3 मई, 2024 को आयोजित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किए गए। कम्पनी के संवैधानिक अंकेक्षकों ने उपरोक्त वित्तीय परिणामों का अंकेक्षण किया है एवं उपरोक्त परिणामों पर अपनी अपरिवर्तित राय जारी की है।
2. उपरोक्त परिणाम सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अन्तर्गत स्टॉक एक्सचेन्जों के पास दाखिल किए गए तिमाही/वार्षिक अंकेक्षित हेतु वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। अंकेक्षित एकल एवं समेकित वित्तीय परिणामों का सम्पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेन्जों की वेबसाइटों (www.bseindia.com एवं www.nseindia.com) एवं कम्पनी की वेबसाइट (www.inoxwind.com) पर उपलब्ध है।
3. अंकेक्षित एकल वित्तीय परिणामों पर जानकारीः (रुपये लाखों में)

| क्र. स. | विवरण | समाप्त तिमाही | | समाप्त वर्ष | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.03.2024 (अनअंकेक्षित) | 31.03.2023 (अनअंकेक्षित) | 31.03.2024 (अंकेक्षित) | 31.03.2023 (अंकेक्षित) |
| 1. | प्रचालनों से कुल आय | 51,658 | 16,065 | 1,64,094 | 84,883 |
| 2. | कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | (10,217) | (8,804) | (23,031) | (31,522) |
| 3. | कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) | (10,217) | (8,804) | (23,031) | (31,522) |

निदेशक मंडल के आदेश से
आइनॉक्स विंड लिमिटेड हेतु
हस्ता/–
पूर्ण–कालिक निदेशक

स्थानः नोएडा
तिथिः 3 मई, 2024

**कृषि विश्वविद्यालय में खरीफ की फसलों पर राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन**

# किसानों की आय बढ़ाने में मदद करें कृषि अधिकारीः डॉ. वत्स

हिमाचल दस्तक ▌पालमपुर

**चौधरी** सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय में शुक्रवार को खरीफ फसलों पर राज्य स्तरीय कृषि अधिकारियों की कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्यअतिथि कुलपति डॉ. डीके वत्स ने अपने उद्घाटन भाषण में वैज्ञानिकों और कृषि अधिकारियों से किसानों को खरीफ फसलों का उत्पादन बढ़ाने में मदद करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि मौसम अनुकूल कृषि राज्य में खाद्य फसलों, तिलहन, दालों और सब्जियों के उत्पादन को बढ़ाने में मदद कर सकती है, जो राष्ट्रीय उत्पादकता से कम है। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित फसल किस्मों और प्रौद्योगिकी को किसानों के बीच शीघ्रता से स्थानांतरित करने में कृषि अधिकारियों से मदद मांगी ताकि किसानों की आय में वृद्धि हो। कुलपति ने ड्रोन प्रौद्योगिकी में कृत्रिम बुद्धिमता के उपयोग, फसल विविधिकरण, कृषि मशीनीकरण में रोबोट के उपयोग आदि में विश्वविद्यालय की पहल पर भी चर्चा की। कुलपति ने बंपर उत्पादन में गुणवत्ता वाले बीज के महत्व पर भी प्रकाश डाला और छोटे समूहों को अपनाने की सलाह दी। उन्होंने बढ़ती जनसंख्या और घटती कृषि भूमि जैसी चुनौतियों पर भी बात की और नई प्रौद्योगिकियों को पेश करने और अपनाने की मांग की।

कार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए कृषि उपनिदेशकों ने कृषि परिदृश्य के बारे में फीडबैक दिया। कार्यक्रम में डॉ. लव भूषण और डॉ. आरके असरानी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के लगभग 150 वैज्ञानिकों और राज्य कृषि विभाग के अधिकारियों समेत कुछ अधिकारियों ने ऑनलाइन मोड के अंतर्गत भी अपनी भागीदारी दर्ज करवाई।




▌**बढ़ती जनसंख्या, घटती कृषि भूमि की चुनौतियों पर भी किया मंथन**

**खरीफ सीजन के लिए की है बीज, उर्वरक, रसायन, कृषि मशीनरी की व्यवस्था : डॉ. पवन**

**विशिष्ट** अतिथि कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. पवन कुमार ने आगामी खरीफ सीजन की तैयारियों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि आगामी खरीफ सीजन के लिए गुणवत्तापूर्ण बीज, उर्वरक, रसायन, कृषि मशीनरी और उपकरण आदि जैसे कृषि निवेश की व्यवस्था की गई है। उन्होंने जिलेवार इन्हें प्राप्त करने के लिए विभिन्न योजनाओं और व्यवस्थाओं के बारे में भी जानकारी साझा की।